कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
जल संसाधन भवन, तुलसी नगर,भोपाल–462003
दूरभाष–2552646, 2552878
Email ID- encwrbpl-mp@nic.in

क्रमांक–/ 129 /व.नि.स./प्र.अ./2026 भोपाल, दिनांक 31 .07.2026

प्रति,

1. आयुक्त, कमांड क्षेत्र विकास संचालनालय भोपाल
2. आयुक्त, भू–अर्जन एवं पुनर्वास बाणसागर परियोजना रीवा ।
3. सदस्य अभियांत्रिकी,नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल
4. समस्त मुख्य अभियंता/परियोजना संचालक,जल संसाधन विभाग
5. समस्त अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री ,जल संसाधन विभाग ।

(विभागीय बैवसाइट के माध्यम से)

विषयः–दिनांक 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के संबंध में ।

संदर्भः–मध्यप्रदेश शासन,सामान्य प्रशासन विभाग क्रमांक GAD/0552/2026/ GAD 9–01/ GAD भोपाल दिनांक 30 जुलाई 2026

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के साथ मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित वीडियों कांफ्रेसिंग दिनांक 29 जुलाई 2026 का कार्यवाही विवरण संलग्न है । कृपया निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

31

(विनोद कुमार देवड़ा)
प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग म.प्र

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक GAD/0552/2026-GAD-9-01(GAD) भोपाल, दिनांक 30 जुलाई 2026

प्रति,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
समस्त विभागाध्यक्ष
समस्त संभागायुक्त
समस्त कलेक्टर
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी
मध्यप्रदेश

विषयः दिनांक 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक **मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के संबंध में** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉनफ्रेसिंग दि. 29 जुलाई 2026.

उपरोक्त विषय में आयोजित वीडियो कॉनफ्रैसिंग दि. 29 जुलाई 2026 का कार्यवाही विवरण संलग्न है। कृपया निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का अनुरोध है।

संलग्न-उपरोक्तानुसार

Digitally signed by
Sachindra Rao
Date: 30-07-2026
21:29:07

(सचिन्द्र राव)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ क्रमांक GAD/0552/2026-GAD-9-01(GAD) भोपाल, दिनांक 30 जुलाई 2026

प्रतिलिपिः-

1. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, भोपाल
2. आयुक्त, जनसंपर्क, भोपाल
3. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, भोपाल
4. निज सचिव, अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित

| | | |
|---|---|---|
| C.E.(I.S.) | | S.E. (A) |
| C.E.-(N.M.) | | C.P.O. |
| C.E.(P) | 31/7 | E.E. (V) |
| S.E.(Mukhyalaya) | | E.E. (B) |
| S.E.(W) | Sr.P.A. | S.A. (EDP) |

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

**मध्यप्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन- भोपाल**

विषय:दिनांक 07 अगस्त, 2026 से 08 जनवरी, 2027 तक "**मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान**" के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दिनांक 29 जुलाई 2026 का कार्यवाही विवरण।

--------

दिनांक 29 जुलाई 2026 को मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन द्वारा अभियान की तैयारी की समीक्षा की गई जिसमें अभियान से सीधे जुडे विभागों के विभाग प्रमुख प्रत्यक्ष रूप से एवं समस्त संभागायुक्त/कलेक्टर/शेष विभागों के विभाग प्रमुख वी सी के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक के प्रारंभ में अभियान की रूपरेखा के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया तथा कलेक टर/कमिश्नर्स से अभियान के संबंध में चर्चा की गई। तदुपरांत मुख्य सचिव द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये:-

1. भ्रमण कार्यक्रम का रोस्टर जिले की विशिष्ट परिस्थितियों/स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार जिले स्तर पर बनाया जाए। इसमें प्रत्येक **विकासखंड** को इकाई मानते हुए, जहां संभव हो क्लस्टर स्तर तक भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किये जाएं। भ्रमण कार्यक्रम का समय पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

2. अभियान में **जन-संवाद कार्यक्रम** अंतर्गत किसी स्थान पर सेवाओं की प्रदायगी से संबंधित अथवा अन्य शासकीय योजनाओं/कार्यक्रमों के संबंध में नए आवेदन प्राप्त होते हैं तो उन्हें विधिवत दर्ज कर/ कार्यवाही कर उस क्षेत्र में आगामी भ्रमण के पूर्व निराकृत किया जाए।

3. समस्त विभाग प्रमुख अपनी विभागीय संस्थाओं के निरीक्षण हेतु निरीक्षण-प्रपत्र तैयार कर जिलों को अभियान प्रारंभ होने के पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4. अभियान के विशिष्ट घटक **उद्यम संवाद कार्यक्रम** के अंतर्गत स्थानीय कुटीर उद्योगों, सूक्ष म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के उद्यमियों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें आ रही कठिनाईयों जैसे किसी भी तरह के Clearance/अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं लोक सेवा गारंटी

से जुडे बिंदुओं में आ रही कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

5. जिन शिकायतों अथवा समस्याओं का निराकरण जिला स्तर पर संभव न हो अथवा जिनमें राज्य स्तर से निर्णय, नीति, बजट अथवा तकनीकी हस्तक्षेप अपेक्षित हो, उन्हें संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से निराकृत कराया जाए।

6. अभियान की मॉनीटरिंग पूर्णतः **पोर्टल आधारित** होगी। भ्रमण रोस्टर तथा अन्य आवश्यक प्रविष्टियों के संबंध में **लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल हेतु पृथक यूज़र मैनुअल जारी किया जा रहा है।** समस्त अधिकारी उक्त यूज़र मैनुअल के अनुसार पोर्टल पर निर्धारित जानकारी समयबद्ध रूप से दर्ज करना सुनिश्चित करें।

7. संभागायुक्त अपने संभाग के समस्त जिलों में समय-समय पर स्वयं भ्रमण कर अभियान की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करेंगे तथा संभाग स्तर के अन्य विभागीय अधिकारियों के फील्ड भ्रमण की मॉनीटरिंग भी सुनिश्चित करेंगे।

8. इस अभियान में राज्य स्तर से विभाग प्रमुख/विभागाध्यक्ष जिलों में निर्धारित स्थान पर भ्रमण के दौरान विभागीय संस्थाओं का भ्रमण एवं निरीक्षण और जन संवाद/उद्यम संवाद कार्यक्रम में यथासंभव अवश्य सम्मिलित होंगे।

9. जिले में जिन स्थानों पर माननीय मुख्यमंत्री जी और मुख्य सचिव भ्रमण करेंगे, उस स्थान पर सम्पूर्ण जिले की समीक्षा होगी और संपूर्ण जिले का ही समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

10. जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल निराकृत शिकायतों की संख्या के आधार पर नहीं, बल्कि भ्रमण के उपरांत लंबित शिकायतों में आई कमी, संस्थाओं का सूक्ष्मता पूर्वक निरीक्षण कर लोक सेवाओं के प्रदाय में सुधार तथा आर्थिक विकास को गति (Economic Drive) देने हेतु की गई कार्यवाही आदि के आधार पर किया जाएगा।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

Digitally signed by
Sachindra Rao
Date: 30-07-2026
21:44:36